हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 सितंबर 2025

04 पितृपक्ष में नपा की गौशाला में गौ ग्रास देकर करें गौ...



07 फुटबॉल प्रतियोगिता में सांसद प्रतिनिधि मान सिंह...





## खबर संक्षेप

### 100 वर्ष के मतदाताओं का सत्यापन 12 तक

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं की प्रतिविष्टियों का सत्यापन मतदाता सूची में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जारी निर्देशानुसार सत्यापन के दौरान यदि मतदाता की उम्र सही पाई जाती है एवं मतदाता वर्तमान जगह पर पाया जाता है तो कुछ नहीं करना है। लेकिन यदि मतदाता की उम्र त्रुटिपूर्ण पाई जाती है तो फार्म-8 भरकर संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर संशोधन किया जायेगा। यदि मतदाता की मृत्यु हो जाने की जानकारी मिलती है तो फार्म-7 भरकर नाम निरसन की कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्य के लिए समय सीमा में 12 सितम्बर नियत की गई है।

### गो तस्करी में पकड़ा गया वाहन राजसात

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन में जप्त एक वाहन को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रायसेन जिले के ग्राम हाकिमखेड़ी के जाहिद खां पुत्र अजीज खां के द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 3688 लोडिंग आटो में पशुओं के अवैध परिवहन करता पाए जाने पर उक्त वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है।

### प्रतिभा योजनाः आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित

**विदिशा।** प्रतिभा योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने जेईई, एनडीए, क्लेट एवं नीट के माध्यम से राष्ट्रीय संस्थानो में प्रवेश लिया है ऐसे सभी प्रवेशीय बच्चों को प्रतिभा योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदाय करने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास के जिला संयोजक सुनील मरकाम ने बताया कि प्रोत्साहन प्राप्ति के लिए एमपी टॉस्क पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर है।

### पुलिस चेकिंग अभियान 17 चालान बनाए

**विदिशा।** यातायात पुलिस द्वारा विवेकानंद चौराहे पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। यातायात थाना प्रभारी आशीष राय के अनुसार चैकिंग अभियान के दौरान 18 वाहन चालकों के चालान बनाकर अर्थदंड वसूला गया।

### निशुल्क शिविर लगा

**कुरवाई।** कुरवाई के शहीद पुलिस निरीक्षक स्व. वीरसिंह सप्रे की स्मृति में जीवनदान अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। यह शिविर पटेल लैंड मार्क मेंआयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर शिविर में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सकों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे अपने बड़े भाई को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बड़े भैया के आशीर्वाद से ही मैं जनता की सेवा कर पा रहा हूं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है।

### एड डोगर सिंह नहीं रहे अंतिम यात्रा आज

**विदिशा।** इंद्रा कॉम्पलेक्स निवासी एडवोकेट डोंगर सिंह तोमर का बुधवार को निधन हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा आज 11 सितंबर गुरुवार की सुबह 11 बजे इंद्रा कांप्लेक्स स्थित निज निवास से बेतवा तट मुक्तिधाम के लिये निकाली जाएगी। एडवोकेट श्री तोमर वीरेंद्र सिंह एवं रवेंद्र सिंह के पिता थे और भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, जसवंत सिंह के भाई थे। एडवोकेट डोंगर सिंह तोमर के निधन पर जिला अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित शहर के कई लोगों ने दुःख प्रकट करते हुए संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

---

## पीआईसी बैठक के अहम फैसले, अध्यक्ष की अनुमति से होंगे आयोजन

# नपाध्यक्ष की अनुमति बिना कोई भी फाइल नपा से बाहर नहीं जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका परिषद विदिशा में बुधवार 10 सितंबर को हुई पीआईसी की बैठक तय हुआ है कि कोई भी फाइल नगरपालिका से बाहर अध्यक्ष की अनुमति बिना नहीं जाएगी। कोई भी इसके विपरीत कार्य करता पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। इस प्रस्ताव से नेताओं के दखल और दादागिरी को कंट्रोल करने का प्रयास नजर आ रहा है।

इसके अलावा पहले से तय 41 प्रस्ताव रखे गये। पीआईसी ने तय किया है कि शहर में लोक निर्माण विभाग द्वारा जो भी सड़कें बनाई जा रही हैं उनके निर्माण कार्य के दौरान भी जो भी नुकसान होगा उसकी रिपयेरिंग लोनिवि के द्वारा की जाएगी। इसमें नगरपालिका की जिम्मेदारी नहीं होगी। खासकर सड़क निर्माण के दौरान सीवेज लाइन कटने से लेकर खंबे और नल लाइन में टूटफूट होती है।



**विदिशा।** नगरपालिका में प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए नपा के चुने हुए जनप्रतिनिधिगण।

### नपा अध्यक्ष की अनुमति बिना नहीं होगा कोई भी आयोजन

नगरपालिका की प्रेसीडेंट इन काउंसिल की हुई बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि नगरपालिका में अब कोई भी आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष की अनुमति बिना नहीं होगा। आमतौर पर देखा जा रहा है कि शहर में होने वाले राजनैतिक कार्यक्रमों का खर्चा नगरपालिका को उठाना पड़ता है। ऐसे कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक होते हैं लेकिन बाद में धीरे से खर्च का भुगतान नगरपालिका से करा दिया जाता है। पीआईसी के इस निर्णय इस तरह के आयोजनों पर विराम लग जाएगा। अध्यक्ष की अनुमति से ही कार्यक्रम होंगे तो फिजूलखर्ची पर नियंत्रण लगेगा।



### नपाध्यक्ष के आदेश की अवहेलना पर निलंबन का प्रस्ताव

पीआईसी की बैठक में प्रस्ताव रखा गया है कि नगरपालिका में बड़े बाबू के पद पर कार्यरत संजय करई वाले नपा अध्यक्ष के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं, इसलिए इनको निलंबित किये जाने की अनुशंसा की जाती है। इनके अलावा कुछ कर्मचारियों के विभाग के बदले जाने से लेकर काम नहीं करने वाले ठेकेदारों के टेंडर निरस्त करने का प्रस्ताव रखा गया है। पीआईसी की बैठक में नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति सहित पीआईसी मेंबरों में कंचन तीरथप्रताप सिंह दरबार, कपिल साहू, बालमुकुंद दादा, संतोष सोनी, संगीता धर्मेन्द्र सक्सेना, मनीषा अखिलेश राजपूत, संध्या राजेश लोधी उपस्थित रहे। बैठक को नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने संपन्न कराया और प्रस्तावों पर चर्चा कराकर पास कराया।

---

## नपध्यक्ष को हटाया तो प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा चुनाव

# सरकार के फैसले से निकायों की बगावत पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका विदिशा में अध्यक्ष को हटाने क लिए चल रही कवायद पर प्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा लिये गये निर्णय से विराम लगता नजर आ रहा है। अध्यक्ष को हटाकर जिन पार्षदों को अध्यक्ष बनाने का लालच देकर नपाध्यक्ष के खिलाफ मुहिम चलवाई जा रही थी, वह अब अब ठंडी पड़ जाएगी।

सरकार ने फैसला लिया है कि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तीन चौथाई पार्षदों का बहुमत होने पर कलेक्टर स्वयं निर्णय न लेकर शासन को प्रस्ताव भेजेंगे। शासन को यदि उचित लगेगा तो राइट टू रिकॉल होगा। जिसमें खाली कुर्शी और भरी कुर्शी के लिए मतदान होगा। यदि वर्तमान अध्यक्ष हार जाते हैं तो अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों में से न होकर सीधे जनता से होगा। इस निर्णय से उन सभी पार्षदों के अरमान ठंडे पड़े गये हैं जिन्हे अध्यक्ष बनने का लालीपॉप पकड़ाकर विरोध करवाया जा रहा था। इसके अलावा आर्थिक अनियमितता का मामला साबित होने पर भी अध्यक्ष को हटाया गया तो वर्तमान पार्षदों में से किसी को अध्यक्ष बनने का मौका नहीं मिलेगा। सरकार ने तय किया है प्रत्यक्ष प्रणाली से ही चुनाव होगा। लेकिन भाजपा के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि विदिशा के भाजपा नेताओं का आपसी विवाद खत्म कराने में विदिशा के वरिष्ठ नेताओं से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक असफल रहा।

### नगरपालिका विदिशा में इन पार्षदों ने किया है विरोध

नगरपालिका परिषद विदिशा में अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को हटाने की मुहिम में भाजपा के नेता ही आगे रहे। हालांकी इसमें पार्षदों का इतना रोल नहीं है। इसके पीछे भाजपा नेता ही हैं। सिर्फ अंतर इतना रहा है कि कोई भी खुलकर सामने नहीं आया। विधायक मुकेश टंडन की शिकायत पर ही कलेक्टर ने जांच कमेटी बनाकर निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच करवाई है। कांग्रेसी पार्षद तो तटस्थ भूमिका में रहकर तमाशा देखते रहे हैं। भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी से भाजपा पार्षद दो गुटों में बट गये थे। पार्षदों के विरोधी दल का नेतृत्व भाजपा की पार्षद गीतांजली लोधी के पति डोंगर सिंह ने किया था। इनके साथ ही पार्षद अरुणा मांझी ने किया। हालांकी अध्यक्ष पद की दावेदारों में अरुणा मांझी, गीतांजली लोधी और रानू संतोष शर्मा का नाम चर्चाओं में रहा। हालांकी सरकार के इस निर्णय से पार्षदों के मंसूबों पर पानी फिर गया है।

---

# शहर में चल रहीं अवैध पैथालॉजी और क्लीनिक, जांच करने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में धड़ल्ले से संचालित हो रहीं अवैध पैथालॉजी और इलीगल क्लीनिकों की जांच करने के लिए डीएचओ पुनीत माहेश्वरी ने बुधवार को निरीक्षण किया। विदिशा नगर में संचालित करीब 10 पैथालॉजी लेब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया ब्लड कलेक्शन सेंटर की आड़ में अवैध पैथालॉजी संचालित हो रहीं हैं। इसके अलावा ऐसी भी पैथॉलाजी शहर में चल रहीं हैं जिनका संचालन प्रशिक्षित लोगों द्वारा किया जा रहा है। लेकिन मरीजों को जांच रिपोर्ट पैथॉलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर के हस्ताक्षर वाली प्रिंट दी जाती है। सच्चाई तो यह है कि यह जांच रिपोर्ट स्थानीय संचालक द्वारा ही तैयार कर दी जाती है। लेकिन इस तरह के अवैध संचालन पर जांच दल ने नोट तो किया लेकिन बयान नहीं दिया। डॉ माहेश्वरी ने बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान 8 से 10 क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य यह देखना था कि संबंधित संस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित आवश्यक विभागों में पंजीकृत हैं या नहीं।सीएमएचओ के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।




### विधायक मीणा ने छात्रों को साइकिल वितरित की

**नटेरन।** क्षेत्र के महू हायर सेकंडरी स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने बच्चों को साइकिल वितरण की। महू में 72 बच्चों को साइकिल दी गईं। वहीं सतपाड़ा हाट के हायर सेकंडरी स्कूल में 79 साइकिल वितरण की गई। विधायक श्री मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार बच्चों की पढ़ाई मे बच्चों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी का परिणाम है कि शासकीय स्कूलों के बच्चे प्रदेश में अव्वल नंबर लेकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार की ओर से बच्चों को लैपटॉप , स्कूटी, स्कालरशिप, गणवेश निशुल्क पुस्तकें, कम्प्यूटर लैब, सहित सर्व सुविधायुक्त भवन भी दे रही है। कार्यक्रम में जिपं सदस्य लाखन कुशवाह, शैलेन्द्र ठाकुर, एसडीएम अजय प्रताप पटेल, तहसीलदार आनंद जैन, बीईओ राकेश सेन, बीआरसी ईश्वर शर्मा (राजू), बीएसी राकेश मैना, भाजपा वरिष्ठ नेता, सरपंच, सचिव, अधिकारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

# अवैध कॉलोनियों में मकान व प्लाट की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध से भू-माफिया हुआ परेशान

### खून पसीने की कमाई को किया सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा शहर सहित जिलेभर की 87 अवैध कॉलोनियों में प्लाट और मकान बनाकर बेचने पर होने वाली रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा होने से भूमाफिया और अवैध कॉलोनाइजर परेशान चल रहे हैं।

तत्कालीन कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने विदिशा शहर सहित गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी की अवैध कॉलोनियों पर प्रतबंध लगाते हुए रजिस्ट्री प्रतिबंधित किया था। इसके बाद भू माफिया और अवैध कॉलोनाइजर ने प्रतिबंध हटवाने के लिए तमाम प्रयास किये लेकिन रोक को नहीं हटवा सके। इसके बाद आए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भी अवैध कॉलोनियों पर लगे प्रतिबंध को जारी रखा हुआ है। राजनैतिक स्तर पर भी इस प्रतिबंध को हटवाने के प्रयास किये जा चुके हैं लेकिन वर्तमान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भी इस विषय को गंभीरता से लिया है। अवैध कॉलोनाइजर जरूरतमंदों को प्लाट बेचकर निकल जाते हैं। इसके बाद रहवासी परेशान होते हैं। बिजली, पानी, ड्रेनेज, नाली, सड़क के लिए परेशान होते हैं। प्रशासन कार्रवाई भी नहीं कर पाता है। सरकार का प्रयास है कि कॉलोनाइजर से नियमानुसार आधारभूत विकास कार्य करवाया जाए।

### सरकार को नुकसान

जिला पंजीयक स्टांप क्षिप्रा सेन का कहना है कि कलेक्टर महोदय के आदेश से जिलेभर की 87 कॉलोनियों के प्लाट जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगी हुई है। यह सभी कॉलोनियां अवैध हैं और प्रतिबंधित की गईं किसी भी कॉलोनी की रजिस्ट्री में छूट नहीं दी जा रही है। कलेक्टर के आदेशानुसार प्रतिबंध का पालन किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व को नुकसान हो रहा है। इस बार 180 करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य है और अभी तक पांच माह में 70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री पर प्रतिबंध से अंतर इतना आया है कि गतवर्ष की तुलना में 1634 रजिस्ट्रीयां कम हुईं हैं। गत वर्ष 146 करोड़ 23 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

---

# किसानों को दिया जा रहा है एटीएम कार्ड, इसी से मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

किसानों को अब खाद वितरण में अव्यवस्था और लंबी कतारों से निजात मिलने जा रही है। सरकार ने को-ऑपरेटिव बैंक और सहकारी समितियों के माध्यम से खाद एटीएम (डेबिट कार्ड) व्यवस्था की शुरुआत की है। बैंक पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि किसान अपने एटीएम कार्ड से निर्धारित कोटे के अनुसार खाद ले सकेंगे। कार्ड में किसान की जमीन के रकबे के आधार पर खाद की मात्रा पहले से दर्ज रहेगी। शमशाबाद जिला सहकारी बैंक अंतर्गत दस समितियों में किसानों को एटीएम कार्ड बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में सहकारी समिति शमशाबाद में किसानों को एटीएम कार्ड वितरण किए गए।



### लंबी कतार से निजात

एटीएम कार्ड से मिलेगा तय कोटे का खाद। इससे लंबी कतार से निजात मिल जाएगी। किसानों को यह जानकारी देते समय इसके फायदे गिनाए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विनोद अहिरवार, समिति प्रशासक एम.एस. भदौरिया, समिति प्रबंधक पूजा मीना, राजेन्द्र राजपूत, सुन्दर सिंह राजपूत, केशव त्यागी, बाबू सिंह राजपूत, सौदान कुशवाह, राजेश चौहान, जानकी प्रसाद शर्मा, बृजेश धाकड़, लिपिक तुलसीराम शर्मा सहित किसान उपस्थित थे।

---

## प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित आंकड़ों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए - कलेक्टर गुप्ता

# कलेक्टर ने युवा उद्यमियों द्वारा संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा।

शासन की योजनांतर्गत जिले के 7 विकासखंडों में 8 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 5 प्रयोगशालाओ को छह माह पूर्व संचालन हेतु निजी हाथों में सौंपा गया था। इस प्रकार वर्तमान में जिले की आठ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 3 युवा उद्यमियों द्वारा, 2 एफपीओ द्वारा, 1 वीएसटीएल योजनांतर्गत अंतर्गत तथा 2 शासन द्वारा संचालित हो रही हैं। उक्त प्रयोगशालाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिये हैं कि प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित ऑकडों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए। जिसमें उन गांवों को प्रदर्शित किया जाये जहां पर जरूरत से ज्यादा उर्वरक कृषकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है, ताकि उन कृष्कों को मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी जा सके। उक्त बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया, सहायक संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक संचालक अविना परिहार सहित सभी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के लैब प्रभारी एवं शाखा प्रभारी साक्षी सचान उपस्थित रहे।

इस बैठक का उददेश्य मिटटी की जांच से सम्बंधित प्रयोगशलाओं के कामकाज की समीक्षा करना था। इस वर्ष अभी तक कृषकों के खेतों से 20 हजार 944 मिट्टी के नमूने लिये जा चुके हैं। जिनमें से 17 हजार 491 नमूने विश्लेषित किये जाकर कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा दिये हैं। ज्ञात हो कि मिट्टी परीक्षण से मृदा में उपलब्ध पौषक तत्व जैसे नाईट्रोजन, फास्फोरस पोटेशियम आदि की मात्रा का ज्ञान होता है। जिससे फसलों के लिये आवश्यक उर्वरकों की मात्रा का निर्धारण किया जा सकता है।

---

## कठिन परिस्थिति में मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है

# जीवन अनमोल है, आत्महत्या समाधान नहीं-डॉ वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

### मनोरोग विशेषज्ञ डॉ अशोक राजपूत ने बताये आत्महत्या से बचाव के उपाए

"मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी करना आज के समय की सबसे बड़ी भूल है। हमें समाज में यह संदेश फैलाना होगा कि हर समस्या का समाधान संभव है, लेकिन आत्महत्या कभी समाधान नहीं है। यह बात मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा ने अपने संबोधन में कही।

सिविल सर्जन डॉ वर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थिति में मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है।"इस अवसर पर मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक राजपूत और एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ. सैयद खान ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहाः"आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। कठिन परिस्थितियों में संवाद और सहयोग ही जीवन को दिशा देने का सबसे बड़ा साधन है।"कॉलेज की प्रिंसिपल सुसेन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहाः"युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए और कठिनाई आने पर परामर्श लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ करना भविष्य के लिए खतरनाक हो सकता है।"सेमिनार में यह भी बताया गया कि आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन (14416 एवं 1800-891-4416) पर 24 घंटे निःशुल्क परामर्श उपलब्ध है। साथ ही, "मन हित" ऐप के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं अब आमजन तक और अधिक सरलता से पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में विजेता छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। संचालन गिर्राज सैनी ने किया और उमंग स्वास्थ्य केंद्र से महेश मंडरे उपस्थित रहे।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज, विदिशा में एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्पीच प्रतियोगिता में भाग लिया और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से आत्महत्या रोकथाम का संदेश दिया।




### तिलक गांव के गोविंद सिंह पर इनाम घोषित

**विदिशा।** नकद इनाम की घोषणा विदिशा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा सिविल लाइन थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 804/2024 की विभिन्न धाराओं का का फरार आरोपी गोविन्द सिंह पुत्र खुमान सिंह दांगी निवासी ग्राम तिलक हाल मां विहार कालोनी, बगीचा रेस्टोरेन्ट के सामने विदिशा की सूचना देने वालो को तीन हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जा सकता है।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3325
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2777
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2550
उच्चतम भाव- 2560
चना
न्यूनतम भाव-4150
उच्चतम भाव-6031
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7560
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3346
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4551
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7000
मूंग
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव- 7110
तुअर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव- 5000
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव- 6311
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
धनिया
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव- 6310

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 8432 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 साल का कारावास व अर्थदण्ड की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



न्यायालय द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ छेडछाड करने वाले आरोपी को 3 वर्ष की सजा एवं 4000 अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि न्यायालय अनुराग दिवेदी, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने निर्णय में आरोपी को 3 साल की सजा और 4000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला इस प्रकार है कि निरपर अपने छोटे भाई के साथ अकेली थी और चाय बना रही थी तभी अभियुक्त घर आया और बोला कि तेरे माता-पिता कहां है तब अभियोक्त्री ने कहा कि वह सोयाबीन काटने खेत पर गये हैं। तब अभियुक्त बोला घर की लाईट जल रही है तो अनियोक्त्री ने बोला हा जल रही है। तो वह अंदर कमरे में आकर खाट पर लेट गया और बोला तू क्या कर रही है। तब अभियुक्त बोला कि मैं चाय बना रही हूँ तो उसने कहा कि मुझे भी एक कप चाय दे दो अभियोक्त्री ने उसे चाय दी और बाहर आ गई। तब अभियुक्त बोला कि ले मग्गा ले जा और यह मग्गा लेने गई तो अभियुक्त ने उसे पकड़कर बुरी नियत से छेड़छाड़ की। अभियोक्त्री ने उसे अलग करने की कोशिश की तो उसे नाक में खरोंच आ गई और छूटकर दौड़कर अपनी दादी के पास गई। और सारी बात बताई, वापिस आने पर अभियुक्त वहां से भाग गया था। फिर माता-पिता के घर आने पर पूरी घटना उन्हें बताई और थाने पर आकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियोक्त्री की सूचना पर देहात थाना में धारा 74, 333 भारतीय न्याय सहिता एवं 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। न्यायालय में पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। प्रकरण की विवचेना अनुसंधान उपनिरीक्षक दिव्या पाराशर व्दारा की गई। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन एवं न्यायालय के समक्ष साक्षीगणों के कथन कराए गए। उपलब्ध साक्ष्यों तथा एडीपीओ दिनेश कुमार असैया के तर्क सहमत होकर अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 333 भारतीय न्यायसहिता में 3 वर्ष कारावास एवं 2000 अर्थदंड तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 पाक्सो अधिनियम के तहत 3 वर्ष की सजा एवं 2000 रूपये अर्थदंड से दण्डित किया गया।

### आम नागरिकों और सड़क पर चारा डालने वालों से की अपील

# पितृपक्ष में नपा की गौशाला में गौ ग्रास देकर करें गौ सेवा: नपाध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नपा द्वारा बनवाई गई अस्थाई गौशाला में आश्रय पा रहे सैकडा भर से अधिक मवेशियों के चारा पानी की व्यवस्था नपा द्वारा एवं जनसहयोग से की जा रही है। इसी के तहत बुधवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर फल एवं सब्जी मंडी से फल, सब्जी, घास एकत्रित की गई और मवेशियों के लिए उन्हें गौशाला पहुंचाया गया।

नपा के स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा ने बताया कि इस अस्थाई गौशाला में 100 से अधिक मवेशियों को रखा गया है। जिनके भोजन, पानी की व्यवस्था भी समाजसेवियों, नागरिकों और नपा के द्वारा की जा रही है। ये मवेशी सड़क पर घूमते थे और इनके कारण दुर्घटनाओं के साथ आवागमन में भी परेशानी खड़ी हो रही थी। नपा ने इनको पकड़वाकर गौशाला भिजवा दिया है।

नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश के बाद सब्जी मंडी फल मंडी से लगभग ढाई से तीन क्विंटल फल सब्जी एकत्रित कराकर गौशाला में भेजी गई। जो मवेशियों के भोजन के रूप में उपयोग की जाएगी। वहीं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने भी गौशाला पहुंचकर गायों को गौग्रास खिलाते हुए उनेक चारा पानी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नागरिकों से अपील की है कि इन दिनों पितृ पक्ष चल रहे हैं और जो भी नागरिक अपने पितरों की स्मृति में गौसेवा या गौ ग्रास देना चाहते हैं वे गौशाला में यह पुण्य कार्य कर सकते हैं। वहीं सांसद प्रतिनिधि ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जो भी नागरिक गौसेवा के लिए सडक पर चारा डालते हैं वे गौशाला में आकर यहां अपने हाथ से गौमाता को चारा खिलाएं।

# अनाज व तिलहन व्यापारी संघ ने एसडीओपी के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा एसडीओपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गत दिवस व्यापारी प्रतिनिधि के साथ लूट का प्रयास एवं मारपीट से अवगत कराया गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गुरुवार तक लूट के प्रयास के अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो व्यापारी संघ शुक्रवार को नीलामी में भाग नहीं लेगा। अगर फिर भी आरोपी नहीं पकड़े गए तो आगे की नीलामी में भाग लेने के लिए अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ विचार करेगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि दिनांक 1 अक्टूबर से व्यापारी संघ नगद भुगतान की जगह कृषक का भुगतान आरटीजीएस एवं एनईएफटी के माध्यम से करेगा। जब तक व्यापारी नगद भुगतान कर रहा है उस समय तक व्यापारी को बासौदा में अपने प्रतिष्ठान पर भुगतान करने की अनुमति प्रदान की जाए। व्यापारी की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए। व्यापारी अगर नगद भुगतान करता है तो मंडी प्रांगण के अंदर बैंकों की व्यवस्था की जाए। मंडी स्थित रोड पर जो स्ट्रीट लाइट लगी हुई हैं वह अधिकांश बंद है, उन्हें तत्काल चालू किया जाए एवं कैमरे लगवाने की व्यवस्था भी की जावे। मंडी प्रांगण में पहले पुलिस व्यवस्था थी, लेकिन वर्तमान में पुलिस प्रशासन ने वहां से पुलिस सुरक्षा हटा दी है। घटना को देखते हुए पुनः पूर्व अनुसार पुलिस व्यवस्था की जाये। उक्त सभी बिंदुओं पर विचार कर सहमति प्रदान की जाए।

## खबर संक्षेप

### शब्द सामर्थ्य स्मारिका का विमोचन आज




**गंजबासौदा।** श्रमण संस्कृति के संवाहक 108 मुनिराज संभव सागर महाराज के सासंघ सानिध्य में दिनांक 11 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे महावीर विहार में विमोचन समारोह आयोजित होगा। जिसमें साहित्यकार संघ एवं सृजन परिदृश्य द्वारा सृजनशील रचनाकारों द्वारा ज्वलंत देश व्यापी जन समस्याओं पर रचित चतुष्पदियों का संग्रह शब्द सामर्थ्य स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। जिसमें साहित्यकार संघ के समस्त सृजनशील रचनाकारों एवं नगर के समस्त सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों से आयोजन में शामिल होने की अपील की गई है।

# जन्मदिन व पुण्यतिथि मनाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को शहर वाचनालाय पाठक संघ के तत्वावधान में अनेक महापुरुषों के जन्मदिन एवं पुण्य तिथि मनाई गई। दीपक तिवारी ने संचालन करते हुए भारतेन्दु हरीश चंद्र, उप्र के मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत एवं वीर अब्दुल हामिद के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि गोविन्द वल्लभ पंत उप्र के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारत के चौथे गृहमंत्री थे। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।वहीं दूसरी ओर भारतेन्दु हरीशचंद हिंदी साहित्य के एवं रंगमंच के जनक होकर नाटक, निबंध, कविता पत्रकारिता के ध्वज वाहक थे। उन्होंने खड़ी बोली हिंदी को साहित्यिक दर्जा दिलाया था। डॉ. अशोक रोहले और गोपाल शर्मा ने परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हामिद जोहर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, कैलाश नेमा, जगदीश झा, सुबोध जैन आदि ने अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रभारी सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

# स्वदेशी अपनाने के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय माध्यमिक विद्यालय गंज के शहीद ऐ आजम भगतसिंह कक्ष में योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी सहित शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार करने वाले गुरूजनों प्रधानाध्यापक नवनीत जैन, सुधा जैन, साधना कुलश्रेष्ठ, अनीता ठाकुर, ज्योति भार्गव , धर्मेंद्र कुमार दिवाकर, मदन बाबू जाटव का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। योग गुरू कादरी ने कहा कि हमे अपने राष्ट्र को महान और विकसित बनाने स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गाँधी के दर्शन का अनुसरण करना होगा। समाज जागरण से पहले हमे स्व को जगाना होगा। वेश, भाषा, भोजन, विचार हर तरफ स्वदेशी अपनाना होगा तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। हमारा परिवार ही हमारे संस्कार की पहली पाठशाला होती है हमे अपने परिवार के अंदर भारतीय धर्म संस्कृति के मूल्यों की शिक्षा सुदृढ करनी होगी। एक अनुशासित राष्ट्र बनाने के लिऐ हम सबको अनुशासित नागरिक बनना होगा। छुआछूत मुक्त भेदभाव रहित वातावरण बनाना होगा। हमे अपने पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा,वृक्षो की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी। इस मौके पर अरुण, संजना , प्रिया, कशिश, तनु , राखी, सविता, रागिनी, कनक, काजल ने भी अपने विचार व्यक्त किऐ। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाऐ जाने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### शिक्षकों का हुआ सम्मान

**गंज बासौदा।** गत दिवस आचार्य विद्या वैली स्कूल में शिक्षकों का सम्मान छात्रों द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा शिक्षकों को विभिन्न उपहारों से सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर जैन, अमोल जैन, प्राचार्य वीरेन्द्र सक्सेना, गौरव जैन, सतेन्द्र सिंह राजपूत, पंकज, हर्षिता, मिलन जैन, प्रगति नेमा, मानसी जैन, सुमन शर्मा, सुमी श्रीवास, हर्षिता जैन, मनेन्द्र सिंह, मोहन, शालिनी रघुवंशी, प्रतिभा मिश्रा, सिद्धार्थ जैन, सानिया खान, शिवानी मीणा, सुरेन्द्र जैन, गोरव जैन सहित अभिभावकगण एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित थीं।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

गत दिवस त्यौदा क्षेत्र के किसान संघ द्वारा मुआवजा राशि की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार रितु राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें रसूलपुर, अमारी नहर में जमीन जाने एवं फसल नष्ट होने पर मुआवजे की घोषणा होने के बावजूद भी मुआवजा राशि नहीं दी गई। यह मुआवजा राशि शीघ्र किसानों को वितरित की जाए। इस दौरान तहसील अध्यक्ष प्रीतम सिंह , माधव प्रसाद दुबे, चंद्रमोहन रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, नारायण सिंह, शरद शर्मा, विजय राजपूत, भूपेंद्र गौर, लक्ष्मण दांगी, शेरसिंह पटेल, जगदीश पटेल, बृजेश मीणा, दिव्यांश दुबे, नेतराम पटेल, भगवान सिंह, गुलशन, सत्येंद्र दांगी, अमित कुर्मी, जगदीश यादव, अनंत सिंह, खचोरी लाल, मुकेश चिड़ार, योगेंद्र दांगी, मानसिंह, नत्थू सिंह, कमरसाब, सीताराम, अरविंद गुर्जर, गौरीशंकर, सुखराज, बलराम सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

# श्राद्ध पितृ पक्ष के अवसर पर चलाया जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा रिपटा घाट बेतवा तट पर श्राद्ध पितृ पक्ष पर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को संदेश दिया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि श्राद्ध का अर्थ श्रद्धा भाव से है जब हम अपने सच्चे मन से श्रद्धा भाव अपने पूर्वजों के लिए रखते हैं या शुभ संकल्प करते हैं तो जरूर उनकी आत्मा को सुख शांति की महसूसता होती होगी। पितृपक्ष के दौरान कौओं को भोजन कराने का विशेष महत्त्व है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौआ यम का प्रतीक है। इस दौरान कौओं का होना पितरों के आस पास होने का संकेत माना जाता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में पूरे पंद्रह दिन कौओं को भोजन कराना चाहिए। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार यमराज ने कौआ को वरदान दिया था कि तुम्हें दिया हुआ भोजन पूर्वजों की आत्मा को शांति देगा तब से ही यह प्रथा चली आ रही है। गरुण पुराण के अनुसार अगर कौआ श्राद्ध का भोजन ग्रहण कर ले तो पितरों की आत्मा को शांति मिलती है साथ ही ऐसा होने से यम भी खुश होते है और उनका संदेश उनके पितरों तक पहुंचाते है।

वर्तमान समय में हम देखते हैं कि मरने के बाद आत्मा को सुख और शांति देने का चलन बढ़ता जा रहा है और जिंदा रहते दुःख और अशांति का चलन बढ़ता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर वर्तमान समय में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है। बड़े-बड़े पैसे वाले लोगों के माता पिता वृद्धाश्रम में रह रहे हैं बच्चे विदेश में रह रहे है और माता पिता दर-दर की ठोकरें खाने के बाद वृद्धाश्रम में रह रहे है। कहने का भाव यह है कि मरने के बाद खिलाने से आत्मा को कितनी शांति मिलती है और जिंदा रहते आत्माओं को खिलाने से उनको कितनी शांति मिलती है यह आपकी बुद्धि पर निर्भर करता है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि कहते भी हैं जहां बच्चे अपने माता-पिता के पैर छूकर घर से बाहर निकलते हैं वह कभी असफल नहीं होते हमें अपनी संस्कृति को बचाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भी सही दिशा देने की आवश्यकता है। हमें अपने बच्चों को यह शिक्षा जरूर देनी चाहिए कि वह हमारे पूर्वजों का बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान दिल से करें। वही दुआएं हमारे लिए सच्चा आशीर्वाद हैं, मरने के बाद सभी बहुत श्रद्धा भाव रखते हैं लेकिन जीते जी सच्चा श्रद्धा भाव रखना उनकी जरूरतों को पूरा करना ही सच्चा श्राद्ध है।

### विधायक आज करेंगे साइकिल वितरित



**गंजबासौदा।** विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधि गुरुवार को दोपहर 1 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में पहुंचकर निःशुल्क साइकिल वितरण, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण एवं बाल कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह एवं वाटर कूलर का लोकार्पण कर शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत प्रदत्त सुविधाओं का निरीक्षण करेंगे। जिसमें गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों से शासकीय उमावि परिसर त्योंदा में शामिल होने की अपील की गई है।

# एनडीआरएफ की टीम ने सुझाए उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को एनडीआरफ की बटालियन क्रमांक 11 वाराणसी द्वारा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में स्कूल सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक आपदाओं के कारण और उनसे बचने के उपाय सुझाए गए। टीम में शामिल इंस्पेक्टर सुनित कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह और कांस्टेबल श्रीराम वरन, अक्षत कुमार, लोकेश सोलंकी तथा कृष्णकांत का स्वागत प्राचार्य सुमन सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान टीम के सभी सदस्यों ने विद्यालय के सभी बच्चों को अचानक होने वाली प्राकृतिक आपदाओं जैसे आग लगना, बाढ़ का आना, भूकंप, दुर्घटनाओं, सर्पदंश, सीट बेल्ट क्यों लगाना चाहिए, एक्सीडेंट कैसे रोके जा सकते हैं, सड़क पर चलते समय कौन सी सुरक्षा और सावधानियां रखनी चाहिए, पानी में डूबने के क्या कारण हैं और उससे बचने के उपाय क्या है। आग लगने के कारण और उपाय क्या है, सीपीआर क्यों और कब दी जाती है तथा उसे देने का सही तरीका क्या है। इन सब बातों से सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को अवगत कराते हुए प्रायोगिक रूप से करके दिखाया और सभी को जागरूक किया। इससे सभी बच्चों एवं शिक्षकों को विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से सामना करने हेतु बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली तथा उनसे कैसे बचा जा सकता है या रोका जा सकता है इस बारे में जानकारी प्राप्त की।

### बच्चे नियमों का पालन करना समझते हैं: एसडीओपी

# फुटबॉल प्रतियोगिता में सांसद प्रतिनिधि मान सिंह ने खिलाड़ियों को वितरित किए ड्राई फूड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भाजपा के वरिश्ठ नेता व सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी ने शासकीय सीएम राइस विद्यालय खेल ग्राउड पहुंचकर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में पधारी सभी टीमों के खिलाड़ियो को सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे की ओर से शुभकामनाएं दी। साथ ही समस्त टीमों के खिलाड़ियों को ड्राइ फूड का शुल्फ आहार का वितरण किया। इस दौरान उन्होने खेल प्रारंभ होने से पूर्व रीवा व ग्वालियर दोनों टीमो के खिलाडियो से परिचय प्राप्त व टॉस कर मैच प्रारंभ किया। साथ ही दोनों ग्राउंड पर मैचों का अवलोकन किया।

**फुटबॉल खेलने से बढ़ती है शारीरिक फिटनेस** - इस अवसर पर भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी ने खेल ग्राउंड में उपस्थित नागरिको को संबोधित करते हुए कहा कि फ़ुटबॉल एक सार्वभौमिक खेल है जो न केवल मनोरंजक है, बल्कि सभी उम्र के लोगों के लिए कई लाभ भी प्रदान करता है। शारीरिक फिटनेस से लेकर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव तक, फ़ुटबॉल खेलना जीवन के विभिन्न पहलुओं को महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बना सकता है। फ़ुटबॉल सिर्फ़ एक खेल से कहीं बढ़कर है। इसका अभ्यास जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण लाभ लाता है। फुटबॉल खेलने से शारीरिक फिटनेस बढ़ती है। इसकी गतिशील और उच्च-तीव्रता हृदय प्रणाली को मज़बूत बनाती है, सहनशक्ति, गति, चपलता और समन्वय में सुधार करती है। एक पूर्ण-शारीरिक गतिविधि के रूप में, यह पैरों और ऊपरी शरीर की मांसपेशियों को काम करता है। साथ ही फुटबॉल मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन है। एकाग्रता, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और तनाव प्रबंधन ऐसे गुण हैं जो नियमित खेल से विकसित और मज़बूत होते हैं। यह लचीलापन और असफलताओं पर विजय पाने की क्षमता को भी बढ़ाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह ज़रूरी हैं। फ़ुटबॉल का एक सबसे बड़ा फ़ायदा यह है कि यह लोगों को एक साथ लाता है। एक टीम खेल के रूप में, यह संवाद, नेतृत्व, सहयोग और दूसरों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है। यह बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो साथियों के साथ बातचीत करना और समूहों में काम करना सीखते हैं। तो वही फ़ुटबॉल एक व्यापक खेल है जो शारीरिक स्वास्थ्य को कई तरह से लाभ पहुंचाता है।

**फुटबॉल मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर उपाय है**



**खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**



तो वहीं पुलिस एसडीओपी सोनू डावर ने बच्चों से मुलाकात की और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए खिलाडियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फुटबॉल के माध्यम से बच्चे अपनी गतिविधियों का समन्वय करना सीखते हैं, जो उनके शारीरिक विकास के लिए जरूरी है। इससे उनके शरीर पर नियंत्रण बेहतर होता है और अन्य शारीरिक गतिविधियों में मदद मिलती है। फुटबॉल का अभ्यास करके,बच्चे नियमों का पालन करने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सम्मान करने के महत्व को समझते हैं। यह अनुशासन उन्हें जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता सिखाता है। फुटबॉल बच्चों के लिए दोस्त बनाने और सामाजिक कौशल विकसित करने का एक बेहतरीन तरीका है। वे संवाद करना, एक टीम के रूप में काम करना और अपनी सफलताओं और चुनौतियों को दूसरों के साथ साझा करना सीखते हैं। वही उन्होने कहा कि मैदान पर हर उपलब्धि,चाहे गोल करने से लेकर अच्छा खेल दिखाने तक, बच्चों के आत्म-सम्मान को बढ़ाने में मदद करती है। यह आत्मविश्वास उन्हें सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।

### शाम 5 बजे तक खेले गए 10 मैच

69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को 15 मुकाबले निर्धारित थे, जिनमें से शाम 5 बजे तक 10 मैच खेल गए। जिसमें बालिका वर्ग में जबलपुर ने उज्जैन को 2-0 से पराजित किया। साथ ही भोपाल ने नर्मदापुरम को 3-0 से हराया। इसी के साथ रीवा ने सागर को 9-0 से मात दी। तो वही जनजाति विभाग और इंदौर का मैच 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। लंच के बाद खेले गए मैच में ग्वालियर ने उज्जैन को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की। वही बालक वर्ग के मैच में सुबह के पहले मुकाबले में इंदौर ने शहडोल को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में उज्जैन ने जबलपुर को 1-0 से मात दी। तीसरे मैच में सागर और नर्मदापुरम का मुकाबला रोमांचक रहा, जो 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथे मैच में रीवा ने ग्वालियर को कड़ी टक्कर देकर 2-1 से जीत हासिल की। वही भोपाल ने शहडोल को 2-0 से मात दी। मैदान पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। खासकर शाम के समय दर्शकों की भीड़ और उत्साह देखते ही काफी देखने को मिला। बच्चों और खिलाड़ियों को मिल रहा यह प्रोत्साहन प्रतियोगिता को और भव्य बना रहा है।

### यातायात प्रभारी ने लोगों को दी राहवीर योजना व कैश लेस योजना की जानकारी

# विशेष चेकिंग अभियान के तहत 14 वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहें विशेष चेकिंग अभियान एवं बस स्टैंड पर आमजन और बस ऑटो रिक्शा चालको को राहवीर योजना एवं कैश लैस योजना के बारे में अवगत कराया। तो वही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व सोनू डाबर सर के मार्गदर्शन में सिरोंज थाना पुलिस बल एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन कर रहे स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। इस दौरान समस्त वाहनों की सघन जांच की गई और जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, बिना हेलमेट, तीन सवारी, नंबर प्लेट विधिवत न होना तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियाँ पाई जाने पर कुल 14 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के तहत कुल 13100 रूपये का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई एवं सभी वाहन चालको को हिदायत दी गई कि वह वाहन संबंधी कागजात रजिस्ट्रेशन लाइसेंस बीमा फिटनेस परमिट पीयूसी इत्यादि पूर्ण रखे। साथ ही वाहनो में ओवरलोड सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय शराब का सेवन या मोबाइल पर बात ना करें, वाहन तेज गति में न चलाए, वाहन में इमर्जेंसी विंडो, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र सही हो, वाहन के ब्रेक सही काम कर रहे हो इत्यादि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दी समझाइश-यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नागरिकों को जागरूक कर समझाइश दी। वही लोगो को शपथ दिलाई गई कि शराब पीकर वाहन ना चलाएं सदैव हेलमेट का प्रयोग करें। फोर व्हीलर वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, जिससे उनकी एवं उनके परिवार की सुरक्षा बनी रहे। यातायात नियमो में सुधार लाने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## हार्दिक हुंडिया ने पहली बार जीवदया में जागृति लाने रवि जैन के म्यूज़कि में सुदेश भोसले ने गाया गाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



अबोल पशु करे पोकार, हमे बचाओ हे नर नार, इस नारे को ध्यान में रखते हुए आईजा संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने जीवदया के कार्यो में जागृति लाने के लिये एक गाने का रिकॉर्डिंग मुंबई के गोरेगांव में एक स्टूडियो में किया है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि आईजा का आह्वान है कि जीवदया कार्य ये महान है। भारत देश के सविंधान में अबोल जीवों को भी जीने का अधिकार है। जीवदया के कार्यो में आज देश का युवा धन जाग चुका है। अबोल जीवों को सबसे ज़्यादा प्यार देश का युवा धन करने लगे हैं। देश के प्रसिद्ध प्लेबेक सिंगर सुदेश भोंसले ने ये गाना बहुत ही खूबसूरती से गाया है। गाने में इन्होंने कोई समाधान नहीं किया। गाने में प्रसिद्ध गीतकार, संगीतकार और प्लेबेक सिंगर रवि जैन की भूमिका बहुत ही प्रशंसनीय है। रवि जैन और सुदेश भोंसले ने गाना तब पूरा रिकॉर्डिंग किया जब दोनों को लगा की अब गाना बराबर रिकॉर्ड हो गया। रवि जैन द्वारा लिखित इस गाने में और भी प्लेबैक सिंगर गायेंगें यह आशा है, जिस के लिए रवि जैन कई प्लेबैक सिंगर के संपर्क में है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जैसे ही गाने की रेकोर्डिंग पूरी होते ही देश के विविध पांजरापोल या जहां अबोल जीव ख़ुद की जिंदगी आनंद से जी रहे है ऐसी जगह पर गाना शूट करेंगे। उन्होने कहा कि विश्व में जीवदया पर यह हमारा पहला गाना है। रवि जैन में अपने गाने में लिखा है, जो हर जीवदया प्रेमी भी कहेगा की किसी जीव को ना पीड़ा ये बिडा हमे उठाना है। यह गाना सुनने में भी बहुत लोकप्रिय बना है।

### बाल कल्याण समिति ने धारा 75 बढ़ाने के लिए लिखा पुलिस को पत्र

## नवजात को कचरा वाहन में फेंकने में आरोपियों की बढ़ सकती है मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले माह 29 अगस्त को नपं. की कचरा गाड़ी में एक नवजात बच्ची मिली थी। पुलिस ने धारा 93 का प्रकरण दर्ज कर जन्म देने वाली माँ और जैविक पिता हल्के धाकड़ को गिरफ्तार किया, जिन्हें अदालत से जमानत मिल गई। बच्ची बाल संरक्षण समिति से एक संस्था के पास संरक्षण में है।

बाल संरक्षण आयोग ने नवजात बच्ची को कचरा गाडी में फैंकने के अमानवीय, जीवन से खिलवाड़ करने के मामले में पुलिस को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 लगातार आरोपियों के विरूद्ध कठोर दंडनीय अपराध दर्ज करने पत्र लिखा है। टीआई कपिल गुप्ता ने कहा कि समिति के प्राप्त पत्र के आधार पर धारा 75 बढ जाने से माँ और उसके प्रेमी जिन्होंने नवजात बच्ची को जन्म देकर कचरा गाडी में फैंका कानूनी स्थिति और गंभीर हो जाएगी।

**बढ़ाई गई धारा**

कचरा गाड़ी में नवजात मिलने से नगर सहित पूरे क्षेत्र में व्यापक चर्चा रही। पुलिस ने 3-4 दिनों में माँ, उसके प्रेमी को पकड़ लिया था। न्यायालय से दोनों को जमानत मिल गई। चर्चा बनी हुई थी, कि जन्म देने के बाद कचरा गाडी में फैंक कर उसके जीवन से खिलवाड और मरने के लिए छोड देना क्या गंभीर अपराध नहीं है? किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 में किसी बच्चें को जानबूझ कर संकट, उपेक्षा या शरीरिक मानसिक पीड़ा पहुंचाने को गंभीर दंडनीय अपराध जानती है। धारा 93 के साथ धारा 75 बढ़ने से बच्ची के जीवन से खिलवाड़ के लिए छोड़ा था। धारा बढने से जमानत पर छूटे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती है।

# नगर में फैली बिजली की अव्यवस्था दिन और रात में घंटों बिजली गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बिजली जीवन और व्यापक की आवश्यक आवश्यकता बन गई है। पिछले 2 दिनों से नगर में चाहे जब बिना सूचना घंटो बिजली न रहने से जन जीवन प्रभावित और लोग अंधेरे में रहने मजबूर हो रहे है। बिजली न रहने से दुकानदारी, व्यापार प्रभावित होने के साथ परिवारों की गतिविधियां भी प्रभावित हो रही है। बीती रात में बिजली न रहने से हैरान परेशान लोगो द्वारा चक्का जाम करने जैसा कदम उठाया गया।

ट्रांसफार्मर में बस ने मारी टक्कर - मंगलवार को सुबह सुबह ही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर बस स्टेण्ड के सामने सडक़ किनारे लगे ट्रांसफार्मर में जा घुसी जिससे लोहे के खंभे आडे तिरछे और ट्रांसफार्मर लटक गया। गनीमत रही कि यात्री बस में करेंट नहीं फैला अन्यथा



जानलेवा हादसा हो सकता था।

**खंभों पर झूल रहे आड़े-तिरछे बिजली तार**

नगर के विभिन्न हिस्सों में अत्याधिक नीचे डीपी और करेंट दौडते खुले डीपी बाक्स लगे हुए है। इसी के साथ बिजली कनेक्सन केविल, तारों के बोझ से खम्बे आडे तिरछे और झुके होने से कभी भी मवेशी, बच्चें या पैदल चलने वाले सार्वजनिक स्थानों पर खुले डीपी बाक्स करेंट की जद चपेट में आने से बडा हादसा हो सकता है।

**बिना सूचना दिए गायब हुई बिजली**

◆ मंगलवार को दिन भर एवं रात में घंटो बिजली बिना सूचना के गायब बनी रही। क्वार के महिनें में पड रही भारी गर्मी उमस से परिवार स्कूली छात्र, छात्राए और व्यापारी भारी परेशान रहे। दूसरे दिन बुधवार को भी अनेक बार बिना सूचना बिजली जाने आने की परेशानियों भरी स्थिति बनी रही। जिस प्रकार की स्थिति बन रही है, उससे नगर निवासी उपभोक्ताओं में असंतोष बढता जा रहा है।

### परशुराम सेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पंच पिंड स्थल संरक्षण की मांग

बरेली। परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा के नेतृत्व में परशुराम सेना के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपा, जिसमें खातेगांव तहसील जिला देवास के ग्राम तुरनाम स्थित पंच पिंड स्थल के संरक्षण एवं विकास की मांग की गई है। माँ नर्मदा के तट पर भगवान परशुराम ने अपने माता-पिता का पिंडदान किया था। तभी से प्राचीन पंच पिंड स्थान आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। नर्मदा पर बांध के कारण यह क्षेत्र डूब में आ रहा है। इसी विषय पर महिनों पूर्व भी प्रशासन को अवगत कराते हुए कार्यवाही, परशुराम सेना द्वारा पंच पिंड स्थल को धार्मिक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित सुरक्षित करने की मांग की थी।

**इनकी रही उपस्थिति** - ज्ञापन सौंपते समय जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष विपिन व्यास, महामंत्री अंशुल भार्गव, मीडिया प्रभारी नीरज बिढुआ, शिवांश दुबे, रेवाशंकर शर्मा, शरद उपाध्याय, विनोद शर्मा, नीलेश भार्गव, प्रशांत राजौरिया, सुनील शर्मा, अवतंश पालीवाल, सचिन शान्डिल्य, सुमित शर्मा, राहुल राजौरिया, छोटू शर्मा सहित अन्यों की उपस्थिति रही।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बरौ**
**शाखा- बरौं**
पंजी. क्र. 8432 — दिनांक 30.10.1957
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरों, शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 16/09/2025 दिन मंगलवार को स्थान समिति कार्यालय बरौं , शाखा-बरों पर दोप. 11 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक निरज थनवार — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**नाम परिवर्तन सूचना**
मेरी पुत्री भूमिका जाटव पिता राकेश जाटव निवासी वार्ड नं 21 मकान नंबर 239, मोहनगिरी विदिशा के शैक्षणिक दस्तावेजों में माता का नाम आशा अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरा नाम आशा सुमन है और परिवर्तित करके आशा सुमन करवाना चाहती हूं। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. करेला**
**शाखा- बरों**
पंजी. क्र. 3648 — दिनांक 30.06.1967
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करेला, शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 30/09/2025 दिन मंगलवार को स्थान समिति कार्यालय करेला , शाखा-बरों पर दोप. 1 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक राधेश्याम राजपूत — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. धमनौदा**
**शाखा- बरों**
पंजी. क्र. 458 — दिनांक 10/12/1992
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित धमनौदा, शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 16/09/2025 दिन मंगलवार को स्थान समिति कार्यालय धमनौदा, शाखा-बरों पर दोप. 3 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक सुरेन्द्र व्यास — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खमतला**
**शाखा- बरों**
पंजी. क्र. 461 — दिनांक 10/12/1992
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित धमनौदा, शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय खमतला, शाखा-बरों पर दोप. 11 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. करैयाहाट**
**शाखा- बरों**
पंजी. क्र. 8431 — दिनांक 30/01/1957
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करैयाहाट , शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय करैयाहाट , शाखा-बरों पर दोप. 01 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक सौदान सिंह मीणा — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खामखेड़ा**
**शाखा- बरों**
पंजी. क्र.459 — दिनांक 10/12/1992
**वार्षिक आमसभा सूचना**
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खामखेड़ा, शाखा-बरों के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय खामखेड़ा, शाखा-बरों पर दोप. 3 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक राजेन्द्र सिंह बघेल — प्रशासक एम.एस. भदौरिया

**विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा**
**जिला-विदिशा (म.प्र.)**
पंजीयन क्रमांक: DR/VLS/7 दिनांक 31.08.61
क्रमांक/आमसभा/2025-2026/52 — दिनांक : 09.09.2025
**वार्षिक साधारण सम्मिलन (सभा) की सूचना**
विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा के समस्त सदस्य प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा की वार्षिक साधारण सम्मिलन (सभा) दिनांक 26.09.2025, दिन शुक्रवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान जिला सहकारी संघ मर्या. सिविल न्यायालय के पास समीपस्थ कार्यालय भवन, विदिशा में आयोजित की गई है।
जिसमें निम्न विषयों पर विचारविमर्श किया जावेगा । अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में साधारण सम्मिलन (सभा) आधा घण्टे के लिये स्थगित की जावेगी । स्थगित साधारण सभा का सम्मिलन (सभा) उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात उन्हीं विषयों पर होगी, जिस में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी ।
(योगेन्द्र सोनी)
प्रभारी प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा (म. प्र.)

# नगर सहित क्षेत्र में तेजी से बढ़ी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की संख्या

### यातायात पुलिस गायब, यातायात नियमों के पालन में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर एवं थाना क्षेत्र में जहॉ तेजी से निवासियों एवं वाहनों की संख्या बढी वही पुलिस बल, यातायात पुलिस, साइबर अपराधों पर नियंत्रण और तत्काल प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस बल बढने के स्थान पर कम हो गया। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करवाने, नियमों का पालन न करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए थाने में यातायात पुलिस का अभाव बना हुआ है।

परिणाम स्वरूप नगर के सभी प्रमुख मार्गो फोरलेन 45 एवं ग्रामीण मार्गो पर यातायात नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा कर वाहन चालकों की मनमानी बनी रहती है।

**सडक़ो पर वाहनों का कब्जा :** नगर की सभी प्रमुख महत्वपूर्ण भीड भाड वाली सडक़ो पर बैंक, ऑफिस, दुकानें खुलने के साथ वाहनों को सडक़ो के किनारे ही घंटो खडे रख कर लोग अपना कामकाज निपटाते रहते है।

सड़कों पर घंटो खड़े रहने मनमाने ढंग से खडे वाहनों के कारण विवाद, जाम और कभी भी घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दो पहिया वाहनों के चालक बिना हेलमेट दिखलाई देते है। एक वाहन पर तीन-चार लोगो का बैठना, प्रेसर, हार्न और जोरशोर विभिन्न प्रकार की आवाजे निकालना सामान्य बना हुआ है। वाहनों, चालकों की जांच प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण नगर में वाहन चालकों की मनमर्जी का राज और यातायात पुलिस न होने का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है।

**सड़कों चौराहों से सफेद वर्दी नदारद**

पिछले वर्षो से नगर की सडक़ो, सार्वजनिक भीड भाड वाले स्थानों पर यातायात पुलिस सफेद वर्दी नदारत नजर आ रही है। जबकि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में चार पहिया, दो पहिया वाहन बढ़ रहे है। ट्रेक्टर ट्रालियों का कृषि के स्थान पर जम कर व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। जिस तेजी से वाहन बढे क्या सभी के पास ड्रायविंग लायसेंस बने है, स्वंय के साथ अन्यों के जीवन से खिलवाड का एक मामला मंगलवार को बस स्टेण्ड पर सामने आया। जब एक यात्री बस सीधे सडक़ किनारे लगे ट्रांसफार्मर में जा घुसी और लोहे के खम्बे, डीपी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि जानलेवा हादसा बच गया।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए युवक ने अफसरों से कहा साहब मेरा विवाह करा दो




**रायसेन।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक युवक द्वारा दिया गया अनोखा आवेदन सबका ध्यान खींच लाया। गोहरगंज तहसील मुनीरगढ़ थाना उमरावगंज के हेमंत मांझी ने जिला प्रशासन से अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग की। हेमंत ने आवेदन में लिखा कि वह और उसकी प्रेमिका पिछले 6 साल से एक-दूसरे को जानते हैं और एक-दूसरे से शादी भी करना चाहते हैं। लेकिन लड़की के माता-पिता उनकी शादी के लिए राज़ी नहीं हैं। हेमंत का कहना है कि उनकी प्रेमिका बहुत भावुक स्वभाव की है और वह परिवार के दबाव में टूट सकती है। उन्होंने प्रशासन से गुजारिश की है कि दोनों परिवारों को समझाकर शादी कराने में मदद की जाए। हेमंत ने कहा मैं अपने प्रेमिका के माता-पिता से खुद बात करना चाहता हूं, लेकिन वह मुझे मौका नहीं दे रहे है। मुझे डर है कि कहीं वह कुछ गलत कदम न उठा ले। इस मामले में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है, जिसे परिवार आपस में बैठकर सुलझा सकते हैं। प्रशासन ने युवक को समझाया है कि ऐसी पारिवारिक समस्याओं का समाधान आपसी सहमति से ही संभव है। फिर भी अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने इस आवेदन को जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के पास भिजवाया है। कोई समाधान निकालने की बात भी कही है।

### शास. आईटीआई रायसेन में प्लेसमेंट ड्राइव 11 को

**रायसेन।** रायसेन स्थित शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई पास उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों एवं छायाप्रति के साथ 11 सितम्बर को सुबह 10 बजे संस्था में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। प्लेसमेंट ड्राइव से संबंधित अधिक जानकारी के लिये प्रमोद डेनियल, टीपीओ से सम्पर्क किया जा सकता है।

## चार जिले करेंगे रातापानी अभ्यारण की सुरक्षा

# टाइगर और तेंदुआ की सुरक्षा में नहीं रहेगा सीमा विवाद, संयुक्त होगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नई व्यवस्था के तहत जिले के रातापानी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट अभ्यारण औबेदुल्लागंज के तहत टाइगर तेंदुआ की सुरक्षा में नहीं रहेगा कोई सीमा विवाद। भूमि परिदृश्य आधारित होगी टाइगर कॉरिडोर की सुरक्षा। रायसेन से बरखेड़ा घाटी जंगल नर्मदापुरम, बैतूल और छिंदवाड़ा के बीच कोर्डिनेशन प्लान तैयार किया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग कर संयुक्त गश्त भी शुरू हो गई है।

रायसेन से लेकर टाइगर, तेंदुआ अब सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कॉरिडोर मिडघाट से बैतूल, मेलघाट, पेंच, छिंदवाड़ा तक चहल-कदमी कर रहे हैं। कई बार इनकी सुरक्षा में सीमा विवाद आड़े आता रहा है। इसलिए एसटीआर ने भूमि परिदृश्य आधारित लैंड स्केविंग प्लान बनाया है। कॉरिडोर में आने वाले सभी जिलों के सामान्य और टाइगर रिजर्व की टीम समन्वय बनाकर गश्त करेगी।



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के टाइगर कॉरिडोर के जरिए में वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। भूमि परिदृश्य आधारित प्लान में वन्यप्राणियों के आवागमन के रास्ते और उनकी सीमा से लगे जिले को चिन्हित किया गया है।

### ग्रामीणों की सुरक्षा में बढ़ेगी भूमिका

◆ सुरक्षा व्यवस्था में वन कर्मियों के अलावा आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भी मदद ली जाएगी। वनप्राणियों के मूमेंट और जंगल में अनजान लोगों की प्रवेश करने की जानकारी जुटाने के लिए जंगल गश्ती दल ग्रामीणों से भी बातचीत करेंगे।



### टाइगर के शिकारियों का नहीं लगा सुराग

*रातापानी टाइगर अभ्यारण, चिकलोद और आशापुरी के जंगलों में पूर्व में हुए टाइगर नर मादा के शिकार में कुल्हाड़ी से काटकर उनके पंजे नाखून भी ले साथ गए थे। इनके शिकार के अंतरराजीय तस्करों का हाथ होने का पता चला था। एसटीआर ने इन शिकारियों का सुराग देने पकड़ने वालों को 25 हजार रुपये का ईनाम की घोषणा भी हुई थी। इसके बाद भी अरसा गुजर जाने के बाद भी जांच एजेंसियों के हाथ खाली है।*

प्लान के तहत सभी जिले के डीएफओ हर 3 माह, एसडीओ 2 महीने और रेंजर प्रत्येक 15 दिन, वन रक्षक हर सप्ताह में एक बारसंयुक्त बैठक लेकर जंगल की सुरक्षा के लिए रिव्यू लेकर तैयार किया जाएगा।इसमें कहीं कैमरा लगाने की जरूरत पड़ेगी तो उसे पर निर्णय लिया जाएगा।

सुरक्षा के लिए हर जरूरी बिंदुओं पर चर्चा कर कार्रवाई की जाएगी। एसटीआर ने हाल ही में सामान्य वन मंडल औबेदुल्लागंज, बैतूल और छिंदवाड़ा जिले के अधिकारियों के बीच संयुक्त बैठक हुई है।

### 972 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला रातापानी, सिंघोरी अभ्यारण्य

300 कैमरा से ली गई फोटो रातापानी और सिंगोरी अभ्यारण 972 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। बाघों के साथ अन्य वन्यप्राणी भी घूमने हैं। वनमण्डल क्षेत्र में 152 वनबीट हैं, जहां 300 ट्रैक कैमरे लगे हुए हैं। इन्हीं से टाइगरों की पहचान के लिए फोटो भी खींची गई थी। इन्हीं फोटो से बाघों का नामकरण किया गया है। बाघों का नामकरण करने वाला अभ्यारण प्रदेश में 26और देशभर में600 से अधिक सेंचुरी हैं। बाघों का नामकरण करने की व्यवस्था अब तक नेशनल टाइगर रिजर्व में ही थी। अब रातापानी अभ्यारण बाघों का नामकरण करने वाला पहला अभ्यारण बन गया है। रायसेन जिले के सिंघोरी अभ्यारण में 24 टाइगर और 31 बाघिनों के नाम पर रातापानी टाइगर यानी आरटी-1 से लेकर आरटी-55 तक रखे गए हैं। अभ्यारण्य में 55 बाघ बाघिनों के अलावा 12 शावक हैं जिनकी उम्र डेढ़ से 2 साल के बीच है।

### इनका कहना है

टाइगर कॉरिडोर में आने वाले मेलघाट, पेंच, छिंदवाड़ा, बैतूल, रातापानी टाइगर रिजर्व औबेदुल्लागंज मंडीदीप के साथ मिलकर एक भूमि परिदृश्य अधारित प्लान तैयार किया है। इसके तहत जंगलों की समान्य वन मंडल सहित सभी इकाइयों की संयुक्त टीम गश्त करेंगी।

**- राखी नंदा,** फील्ड डायरेक्टर एसटीआर।

# सेवा पखवाड़ा में आत्मनिर्भर भारत बनाने का लेंगे संकल्प

### पखवाड़ा के तहत जिले में होंगे कई कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा और आत्मनिर्भर भारत संकल्प को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने अपेक्षित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर तक विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, 'वोकल फॉर लोकल' का प्रचार-प्रसार, पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर प्रत्येक बूथ पर पौधरोपण और कार्यक्रम आयोजित होंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी उत्पादों का उपयोग आवश्यक है।

इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने आत्मनिर्भर भारत और सेवा पखवाड़ा पर प्रकाश डाला। विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी संबोधन देते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा विस्तारपूर्वक बताई।

बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, राजेश पंथी, नेपाल सिंह राजपूत, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, केशव पटेल और कार्यालय मंत्री, मोहन चक्रवर्ति, जीतू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सितंबर में सिलवानी मंडी को मिला 10 लाख का राजस्व

### ◆ कृषि उपज मंडी में 22 दिनों में 5 हजार 948 टन अनाज की आवक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




तहसील मुख्यालय सिलवानी की कृषि उपज मंडी में किसानों को मिल रही सुविधाओं के चलते अब किसान बड़ी संख्या में कृषि उपज मंडी सिलवानी परिसर पहुंच कर अपनी उपज का विक्रय कर रहे है। किसानों के द्वारा की जा रही उपज विक्रय से कृषि मंडी की आय में भी वृद्धि हो रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितंबर माह में मंडी में हुई अनाज की आवक से 10 लाख रुपए का राजस्व हुआ है।

जानकारी के अनुसार सितंबर माह में अवकाश तथा अन्य अवसरो को छोड़कर लगभग 22 दिन ही मंडी में अनाज की तुलाई की गई। बाकी के 8 दिन मंडी में अवकाश रहा। इन 22 दिनो में 5948 टन अनाज की आवक हुई। किसानों के द्वारा अपनी उपज को मंडी परिसर में लायसेसीं व्यापारियों को विक्रय की। बताया जा रहा है कि कृषि उपज मंडी सिलवानी मे 65 लायसेसीं व्यापारी पंजीकृत है। जिनके द्वारा किसानों के अनाज का क्रय किया जाता है। सितंबर माह के 22 दिनों में सर्वाधिक आवक मूंग की रही जो कि 3637.30 टन रिकार्ड दर्ज की गई। इसके बाद तुअर की आवक रही जो कि 20.60 टन की रही। तीसरे स्थान पर सोयाबीन की आवक हुई जो कि 1623.90 टन दर्ज की गई। शेष उपज की आवक में तिबड़ा, बटली, मसूर, गेंहू, चना आदि उपज रही।

### 22 दिन में 10 लाख का राजस्व मिला

*वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह सितंबर में 22 दिन खुली मंडी में हुई जिन्स की आवक से मंडी प्रबंधन को 10 लाख 40 हजार रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। मंडी शुल्क, लायसेंस शुल्क व अन्य मदो से राजस्व की प्राप्ति हुई हैं। चंदन पिपरिया गांव के किसान संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि उपज मंडी परिसर सिलवानी में उपज का विक्रय करने पर किसानो को परेशानी नही होती है। बल्कि व्यापारियो तथा मंडी कर्मचारियों के द्वारा मित्रवत व्यवहार किए जाने के साथ ही किसी भी समस्या का मौके पर ही निराकरण कर दिया जाता है। जिस कारण किसानो में कृउम के प्रति विश्वास बढ़ा है।*

# सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

### ◆ एनीमिया से बचाव के लिए पोषणयुक्त आहार जरूरीः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सुपोषण जागरूकता अभियान के तहत सेवा भारती ने रानी दुर्गावती छात्रावास, गोपालपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें डॉक्टरों द्वारा एनीमिया से बचाव के लिए पोषणाहार लेने की सलाह दी गई।

शिविर में रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉ. एके शर्मा ने कहा कि महिलाओं में एनीमिया तेजी से बढ़ रहा है। हीमोग्लोबिन की कमी से शारीरिक और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। संतुलित पोषण आहार से रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है। शिविर में 110




किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इस दौरान डॉ. एसी अग्रवाल, डॉ. नवीन गांधी, डॉ. ट्विंकल परमार, फार्मासिस्ट पर्वत भदौरिया, लैब टेक्नीशियन गोरेलाल जाटव, जिला समिति अध्यक्ष दिनेश राजोरिया, सचिव भगवान सिंह किरार, उपाध्यक्ष नारायण कुशवाहा, पूर्णकालिक रंजीत धुर्वे उपस्थिति रहे।

## प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

# जिला समेत तहसील कोर्ट में 13 को लगेगी नेशलन लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को न्यायालय परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका के न्यायालय में लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण सहित लगभग 12,000 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए हैं। जिनके निराकरण हेतु जिला एवं तहसील




न्यायालयों में कुल 27 खंडपीठों का गठन किया है। जिसमें से 7 खंडपीठ जिला न्यायालय एवं शेष 20 खंडपीठ तहसील न्यायालयों के लिए गठित की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्पत्ति कर, जलकर एवं विद्युत संबंधी प्रकरणों के निराकरण में शासन की गाईडलाईन के अनुसार पक्षकारों को अधिभार में छूट भी प्रदान की गई है।

# प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद नहीं रहते डॉक्टर घंटों इंतजार करने के बाद घर लौट रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में इन दिनों डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की लापरवाही से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस अस्पताल में कभी नर्स सही समय पर नहीं पहुंचती तो कभी डॉक्टर पूरे दिन नहीं पहुंचते हैं, जिससे 35 से 40 गांव के मरीज परेशान हो रहे हैं।

इस समय बारिश का दौर चल रहा है। वायरल बुखार, खांसी ,सर्दी जुकाम से जहां एक और मरीज परेशान है वहीं डॉक्टर के अस्पताल नहीं होने के कारण मरीज परेशान है।

सुबह से लेकर दोपहर तक मरीज अस्पताल में बैठे रहते हैं,



लेकिन डॉक्टर नहीं पहुंचते तो मरीजों को प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ता है या मजबूरी में भोपाल, विदिशा या सांची का रुख करना पड़ता है।

इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में डॉ. पलक पटेरिया है। मगर वह दो दिन की ट्रेनिंग के लिए गई हुई है। उनकी जगह पर सांची सीबीएमओ रवि राठौर ने डॉ. पीयूष जैन की ड्यूटी दीवानगंज अस्पताल लगाई गई थी, लेकिन बुधवार को पीयूष जैन दीवानगंज अस्पताल नहीं पहुंचे। जिससे कई मरीज इलाज के लिए दोपहर 1 बजे तक बैठे रहे। इसके बाद मरीज प्राइवेट डॉक्टर के पास चले गए।

कुछ दिन पहले दीवानगंज में डॉ तृप्ति भारद्वाज की उपस्थिति थी लेकिन उनका ट्रांसफर अन्य जगह हो गया है। इसके चलते स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में सभी व्यवस्थाएं शासन की फेल साबित हो रही हैं।

### इनका कहना है

अब किसी भी डॉक्टर की ड्यूटी 24 घंटे सांची में नहीं लगाई जा रही है। अगर दीवानगंज में कोई डॉक्टर कई बाहर जाता है तो उसके स्थान पर दूसरे डॉक्टर की व्यवस्था कर दी जाती है।

**- डॉ. रवि राठौर,** सीबीएमओ सांची।

# बालमपुर घाटी पर उतरते समय अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बुधवार सुबह बालमपुर घाटी पर एक 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होते हुए खाई में पलट गया। हालांकि इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 5 बजे के बीच देवास से पशु आहार लेकर रीवा जा रहा ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 4188 बालमपुर घाटी उतरते समय अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। ट्रक ड्राइवर छोटा पिता मुन्नालाल ने बताया कि में पशु आहार भरकर रीवा जा रहा था, जैसे ही घाटी उतर रहा था, तभी पशुओं का झुंड बैठा हुआ था उसे बचाने में ट्रक पलट गया।

## कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी हुए शामिल

# 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान में रोपे 350 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के ब्लॉक सिलवानी जैथारी सर्किल अंचल के ग्राम चैनपुर, ग्राम जैथारी एवं भानपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फलदार, औषधीय एवं विभिन्न प्रजातियों के कुल 350 पौधों का रोपण किया। चैनपुर के स्कूल प्रांगण एवं जैथारी पुलिस चौकी परिसर में विस्तार वानिकी योजनांतर्गत 150 पौधे लगाए। वहीं भानपुर में 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के तहत 50 फलदार पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप से कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडेय, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एसडीओ इंदर सिंह रेंजर, रोहित पटेल एसडीएम हर्षिल चौधरी, सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे, भाजपा नेता दीपक सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, प्रतापगढ़ सरपंच




प्रतिनिधि राजेश राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए इनका संरक्षण हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कम से कम 50 से 100 पौधे अवश्य रोपना चाहिए।

### विस्तार वानिकी योजना के तहत चैनपुर और जैथारी में रोपित किए गए 300 पौधे

रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम चैनपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुलिस चौकी जैथारी में वन विभाग की विस्तार वानिकी योजना अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। ग्राम चैनपुर में 1.150 हैक्टेयर क्षेत्र में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं द्वारा विस्तार वानिकी योजना अंतर्गत 150 पौधों का रोपण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा जीवन में वृक्षों का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं, नागरिकों को पौधरोपण करने और रोपित किए गए पौधों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। इसके उपरांत पुलिस चौकी जैथारी में भी अधिकारियों , स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा 0.570 हैक्टेयर क्षेत्र में 150 पौधों का रोपण किया गया।

## साँची यूनिवर्सिटी में हिंदी दिवस पर विशेष चर्चा

# हिमालय एवं उत्तराखण्ड की प्राकृतिक आपदाओं पर शोध

### स्विटज़रलैंड के प्रो. निकोला पोज़ा का विशिष्ट व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह में स्विटज़रलैंड के लाउज़ेन विश्वविद्यालय के प्रो. निकोला पोज़ा का व्याख्यान हुआ। हिंदी में बोलते हुए प्रो पोज़ा 'उत्तर भारतीय हिमालय में पर्यावरणीय आपदाएँ और हिंदी यात्रा वृतांतों में उनका चित्रण' पर बोले। प्रो. पोज़ा ने हिंदी में किसी आम हिंदी भाषी भारतीय की तरह सहजता से चर्चा की।

प्रो. निकोला ने पर्यावरणविद शेखर पाठक, अजय सोडानी, अनिल यादव और श्री सैनी के यात्रा वृतांतों का अध्ययन कर जानने की कोशिश की है कि उत्तराखंड और



हिमालय के अन्य हिस्सों में प्राकृतिक आपदाओं का कारण क्या है। इन प्राकृतिक आपदाओं से यहां रहने वाले आम नागरिक कैसे जूझते हैं।

प्रो. निकोला पोज़ा ने यह भी बताया कि इन इलाकों के रहने वाले लोगों के पास प्राकृतिक विपदा के पूर्वानुमान के अपने अनुभव हैं। जो वैज्ञानिक नहीं होने के बाद भी कारगर हैं। प्रो. पोज़ा ने कहा कि इन अनुभवों का ध्यान रख हम बड़े स्तर पर जान-माल को सुरक्षित रख सकते हैं।